भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 2517

सोमवार, 13 दिसम्बर, 2021/22 अग्रहायण, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

राजस्थान में पर्यटन के लिए धनराशि की संस्वीकृति

2517. श्री सी.पी. जोशी:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान राजस्थान में पर्यटन हेतु संस्वीकृत और आवंटित तथा व्यय की गई राशि कितनी है;

(ख) तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) राजस्थान में अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): पर्यटन मंत्रालय "स्वदेश दर्शन", "तीर्थयात्रा जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रसाद) पर राष्ट्रीय मिशन" और ''पर्यटन अवसंरचना के विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता" योजनाओं के तहत राजस्थान सहित देश में, पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्र प्रशासन/केन्द्रीय एजेंसियों को उनके परामर्श से वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

राजस्थान राज्य में स्वदेश दर्शन, प्रसाद के तहत स्वीकृत परियोजनाओं और पर्यटन संबंधी अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(ग): पर्यटन मंत्रालय, राजस्थान सहित भारत का समग्र रूप से संवर्द्धन करता है और अपनी चल रही गतिविधियों के भाग के रूप में, देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों और उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए 'अतुल्य भारत' ब्रांड-लाइन के तहत विदेशों में महत्वपूर्ण और संभावित बाजारों में वैश्विक प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और ऑनलाइन मीडिया अभियान जारी करता है। मंत्रालय की वेबसाइट (www.incredibleindia.org) और सोशल मीडिया खातों के माध्यम से भी प्रचार किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय की ''आतिथ्य सहित घरेलू संवर्द्धन और प्रचार (डीपीपीएच) और बाजार विकास सहायता सहित विदेशी संवर्द्धन और प्रचार" (ओपीएमडी) योजनाओं के माध्यम से संवर्द्धन किया जाता हैं।

****

अनुबंध

राजस्थान में पर्यटन के लिए स्वीकृत धनराशि के संबंध में भाग 13/12/2021 को उत्तर दिये गए लोक सभा लिखित प्रश्न सं. +2517 के भाग (क) और (ख) के उत्तर मे **विवरण**।

स्वदेश दर्शन योजना **(करोड़ रुपये में)**

क्र. सं.	**राज्य**	परिपथ का नाम	**स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**
1.	राजस्थान	डेजर्ट परिपथ	2015-16	सांभर लेक टाउन और अन्य स्थलों का विकास	50.01
2.	राजस्थान	कृष्णा परिपथ	2016-17	गोविंद देव जी मंदिर (जयपुर), खाटूश्याम जी (सीकर) और नाथद्वारा (राजसमंद) का एकीकृत विकास	75.80
3.	राजस्थान	आध्यात्मिक परिपथ	2016-17	चूरू (सालासर बालाजी) - जयपुर (श्री समोदे बालाजी, घाटके बालाजी, बंधेके बालाजी) - अलवर (पांडुपोल हनुमानजी, भरतहारी) - विराटनगर (बीजक, जैनसिया, अंबिका मंदिर) - भरतपुर (कमान क्षेत्र) - धौलपुर (मुचकुंड) - मेहंदीपुरबल) का विकास	93.90
4.	राजस्थान	विरासत परिपथ	2017-18	राजसमंद (कुंभलगढ़ किला) - जयपुर (नाहरगढ किला) - अलवर (बालाकिला) - सवाईमाधोपुर (रणथंभौर किला और खंडर किला) - झालावाड़ (गगरोन किला) - चित्तौड़गढ (चित्तौड़गढ़ किला) जैसलमेर (जैसलमेर किला) हनुमानगढ़ (कालीबंगा किला और, गोगामेड़ी) - जालोर (जालौर किला) - उदयपुर (प्रताप गौरव केंद्र) - धौलपुर (बाग-ए-नीलोफर और पुरानी छावनी) - नागौर (मीरा बाई स्मारक) का विकास	72.49

प्रसाद योजना (करोड़ रुपये में)

क्र. सं.	राज्य	परियोजना का नाम	स्वीकृति का वर्ष	स्वीकृत लागत
1.	राजस्थान	पुष्कर/अजमेर का एकीकृत विकास	2015-16	32.64

पर्यटन अवसंरचना विकास योजना के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता

(करोड़ रुपये में)

क्र. सं.	राज्य	परियोजना का नाम	केंद्रीय एजेंसी	स्वीकृत राशि
वर्ष 2014-15				
1.	राजस्थान	अजमेर रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास	रेलवे मंत्रालय	5.52
2.	राजस्थान	जयपुर रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास	रेलवे मंत्रालय	4.88
वर्ष 2019-20				
3.	राजस्थान	चित्तौड़गढ़ रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास	रेलवे मंत्रालय	4.99

****